# #DontBeAMule

## ⚠ सतर्क रहें

### अपराधी यूनिवर्सिटी के छात्रों को निशाना बना रहे हैं

अपराधी छात्रों को (ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से) निशाना बना रहे हैं और उन्हें अपने बैंक खाते में धन प्राप्त करने और इसे दूसरे खाते या क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज में स्थानांतरित करने के लिए भुगतान करने की पेशकश कर रहे हैं। अपराधियों द्वारा दूसरों की ओर से चुराए गए धन को स्थानांतरित करने के लिए मनी म्यूल्स की भर्ती की जाती है, और कभी-कभी तो उन्हें इसकी भनक लगे बिना।

मनी म्यूलिंग में भाग लेना एक गंभीर आपराधिक जुर्म है, दोषी पाए जाने पर आपको 12 महीने से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। मनी म्यूलिंग के लालच में न पड़ें, भले ही आपको बड़े वित्तीय इनाम की पेशकश की गई हो।



## मनी म्यूल भर्ती घोटालों से सुरक्षित रहें

### रुकें

- इस बात पर विचार करने के लिए कुछ समय निकालें कि क्या यह पेशकश इतनी अच्छी है कि इसपर यकीन करना ही मुश्किल है, सतर्क रहें।
- उन नौकरी विज्ञापनों पर संदेह करें जो जल्दी और आसानी से पैसा कमाने का अवसर प्रदान करते हैं।

### जांच करें

- संभावित नियोक्ता के बारे में उचित शोध किए बिना किसी भी अवसर के लिए साइन अप न करें। उदाहरण के लिए, क्या उनकी ऑनलाइन उपस्थिति है? क्या संपर्क विवरण वैध हैं? क्या यह विदेश में स्थित है?

### अस्वीकार करें

- बड़ी रकम की पेशकश करने वाले किसी भी ऑनलाइन पोस्ट से न जुड़ें।
- उन लोगों से संदेश अनुरोधों को स्वीकार न करें जिन्हें आप नहीं जानते/ती हैं, और यदि आपको किसी मित्र से क्लिक करने के लिंक वाला संदेश प्राप्त होता है, तो जवाब देने से पहले उनसे व्यक्तिगत रूप से बात करें।
- किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बैंक और व्यक्तिगत विवरण साझा न करें जिसे आप जानते/ती नहीं हैं या जिस पर आपको भरोसा नहीं है - यहाँ तक कि दोस्तों या परिवार के बीच में भी।
- यदि कोई आपका खाता 'उधार' लेने के लिए कहे, तो नहीं कहें।
- यदि आपको संदेह है कि कुछ सही नहीं है, तो प्रस्ताव अस्वीकार कर दें।

### स्वीकार करें

- प्रतिष्ठित नौकरी साइटों और पंजीकृत व्यवसायों पर ही भरोसा करें।

और अधिक जानें

www.cyber.gov.au पर रिपोर्ट बटन का उपयोग करके पुलिस को मनी म्यूलिंग की रिपोर्ट करें

AFP | JPC3 JOINT POLICING CYBERCRIME COORDINATION CENTRE